sports especially in respect of Olympic and Asian level disciplines, in coordination wth national federations and State Governments. It also implements some schemes which have a direct impact on the development of rural sports.

राजस्थान में किले

*179. **श्री शिवचरण सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में कितने किले हैं ;

(ख) सरकार ने कितने किलों को मरम्मत हेतु धन दिया है और कितने किलों को केंद्रीय सरकार द्वारा संरक्षित स्मारकों के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है ; और

(ग) क्या सरकार नवीं और दसवीं सदी के कुछ ऐतिहासिक स्थलों को सुरक्षित रखने का विचार रखती है, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) और (ख) केंद्रीय सरकार के पास राजस्थान में दस किले हैं जो केंद्रीय संरक्षण में हैं । राज्य के केंद्रीय संरक्षित स्मारकों और इन किलों के रखरखाव के लिए प्रति वर्ष धन प्रदान किया जाता है । राजस्थान में लगभग 108 महत्वपूर्ण किलें हैं जिनमें से 10 केंद्रीय संरक्षण में हैं और 17 राज्य संरक्षण में है ।

(ग) राजस्थान में नौवीं और दसवीं शताब्दी के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थान पहले से ही केंद्रीय सरकार के संरक्षण में हैं । तथापि, यदि कोई अन्य स्थान केंद्र सरकार के ध्यान में आता है और जिसे राष्ट्रीय महत्व का समझा जाता है, तो उसे सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाए जाते हैं । किसी भी काल के स्मारकों के संरक्षण का कार्य एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है ।

@ पूछा: अतारांकित प्रश्न 378 25 फरवरी, 1993 स्थानान्तरित ।

देश में महिलाओं में निरक्षरता

*180. **श्रीमती सरला माहेश्वरी** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में निरक्षर महिलाओं की प्रतिशतता कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि गत दस वर्षो के दौरान निरक्षर महिलाओं की प्रतिशतता में वृद्धि हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और महिलाओं में साक्षरता को बढावा देने हेतु क्या-क्या विशेष उपाय किए जा रहे हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार महिलाओं की निरक्षरता दर 60.81% थी ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

भारतीय कृषक उर्वरक निगम के उर्वरकों में मिलावट

@1345. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारतीय कृषि उर्वरक निगम द्वारा उत्पादित उर्वरकों में मिलावट की जाती है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई/किए जाने का विचार है ?